राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–114/2023

पूरी मानवता बिहार की विभूतियों का ऋणी है–राज्यपाल

पटना, 24 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गाँधी मैदान, पटना में आयोजित बिहार दिवस समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के अनेकानेक विभूतियों ने बिहार को पावन बनाया है और पूरी मानवता उनका ऋणी है। उन्होंने कहा कि बिहार गीत में इस राज्य का इतिहास और इसकी सारी खूबियाँ समाहित हैं। बिहार वास्तव में भारत का कंठहार है।

इस वर्ष बिहार दिवस के थीम 'युवा शक्ति, बिहार की प्रगति' को प्रासंगिक बताते हुए उन्होंने कहा कि बिहार का भविष्य युवाओं पर निर्भर है और यह कार्यक्रम युवा शक्ति का जागरण है। उन्होंने कहा कि जब–जब युवा शक्ति जागृत होती है तब–तब समग्र क्रांति होती है। जय प्रकाश नारायण ने युवा शक्ति का ही आवाहन किया था।

राज्यपाल ने युवा शक्ति को सही मार्गदर्शन देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि युवाओं की दिशा एवं सोच से ही भविष्य का निर्माण होगा। उन्होंने युवाओं से पूरी शक्ति से बिहार को समृद्ध बनाने हेतु संकल्प लेने का आवाहन किया। उन्होंने उनसे प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने को भी कहा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा स्थापित पैवेलियन का परिभ्रमण किया तथा इको फ्रेंडली गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर गया होते हुए शांति निकेतन के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ० चन्द्रशेखर, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पाटलिपुत्र एवं नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....